दैनिक प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंगेजी समाचार पत्र


# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001

बर्ष :-02 अंक :-240 मुरादाबाद 27 December 2022 (Tuesday) पृष्ठ:-08 मूल्य :- 3.00 रूपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## पीएम मोदी बोले- देश में कई फर्जी नैरेटिव गढ़े गए, वीर बाल दिवस हमें भारत की पहचान बताएगा



कार्यक्रम में शामिल होने आए युवक ने कहा कि यह हमारे लिए खुशी की बात है कि आजादी के 75 साल बाद ऐसा प्रधानमंत्री आया है, जिसने साहिबजादों की कुर्बानी का सम्मान किया है। दिल्ली में वीर बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम साहिबजादों की कुर्बानी को समर्पित है। इस मौके पर पीएम मोदी ने वीर साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मैं अपनी सरकार का सौभाग्य मानता हूं कि उसे आज 26 दिसंबर के दिन को %वीर बाल दिवस के तौर पर घोषित करने का मौका मिला। पीएम ने कहा कि वीर बाल दिवस हमें याद दिलाएगा कि दस गुरुओं का योगदान क्या है, देश के स्वाभिमान के लिए सिख परंपरा का बलिदान क्या है। वीर बाल दिवस% हमें बताएगा कि- भारत क्या है, भारत की पहचान क्या है।

### कार्यक्रम में पहुंचे हजारों लोग

कार्यक्रम में शामिल होने आए युवक ने कहा कि यह हमारे लिए खुशी की बात है कि आजादी के 75 साल बाद ऐसा प्रधानमंत्री आया है, जिसने साहिबजादों की कुर्बानी का सम्मान किया है। कार्यक्रम में एक स्थानीय निवासी ने कहा कि साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह जी और साहिबजादा बाबा फतेह सिंह जी के बलिदान को आज सम्मानित किया जा रहा है। अगले साल से इस दिन छुट्टी घोषित की जानी चाहिए। इससे पहले मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस दिन को साहिबजादों की कुर्बानी को समर्पित किया। इसे पूरे देश में दिखाया जा रहा है। विभिन्न राज्यों में लोग उनके बारे में जान रहे हैं। इसकी हमें उम्मीद नहीं थी। आज नया इतिहास रचा जा रहा है।

## सीएम योगी ने गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों को किया नमन, बोले- युगों-युगों तक प्रेरणा देगा बलिदान




वीर बाल दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरु गोविंद सिंह के दोनों पुत्रों को नमन किया। कहा कि उनका बलिदान युगों-युगों तक प्रेरणा देता रहेगा।यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित कार्यक्रम पर %वीर बाल दिवस% पर गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज के पुत्रों को नमन किया। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि %वीर बाल दिवस% पर श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज के साहिबजादों के बलिदान को कोटि-कोटि नमन! साहिबजादों का पावन बलिदान युगों-युगों तक राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए हम सभी को प्रेरणा प्रदान करेगा।साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा बाबा फतेह सिंह गुरु गोविंद सिंह के पुत्र थे। जिन्होंने धर्म की रक्षा में अपने जीवन का बलिदान कर दिया था।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## असदुद्दीन ओवैसी ने कोर्ट के फैसले पर असहमति जताई, पूजा स्थल कानून का उल्लघंन करार दिया

मथुरा के सिविल जज सीनियर डिवीजन (तृतीय) की अदालत ने बीते दिनों श्रीकृष्ण जन्मस्थान और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में हिंदू सेना के दावे पर ईदगाह का अमीन सर्वे करने का आदेश दिया है। एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने मुथरा की शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वेक्षण के संबंध में स्थानीय कोर्ट के आदेश पर असहमति जताई और कहा कि अदालत का आदेश पूजा स्थल अधिनियम का उल्लंघन करता है। हैदराबाद के सांसद ओवैसी ने सोमवार को कहा कि उनकी समझ से यह आदेश गलत है।



वह इससे असहमत हैं। मथुरा के सिविल कोर्ट ने 1991 के पूजा स्थल अधिनियम का उल्लंघन किया है। हैदराबाद में मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हिंदू सेना ने सर्वेक्षण को पहले उपाय के रूप में इस्तेमाल किया है, जबकि कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि यह अंतिम उपाय होना चाहिए। एआईएमआईएम अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें यकीन है कि शाही ईदगाह ट्रस्ट इस आदेश के खिलाफ अपील करेगा और हाईकोर्ट इस मामले में विचार करेगा।

### 20 जनवरी को अगली सुनवाई

बता दें, दो दिन पहले मथुरा के सिविल जज सीनियर डिवीजन (तृतीय) की अदालत ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में हिंदू सेना के दावे पर ईदगाह का अमीन सर्वे करने का आदेश दिया है। यह आदेश वाराणसी के ज्ञानवापी मामले में कोर्ट के आदेश की तरह है। शाही ईदगाह मस्जिद मामले में अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 20 जनवरी की तारीख तय की है।

### हिंदू सेना का क्या है दावा

बीते आठ दिसंबर को हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता व उपाध्यक्ष सुरजीत सिंह यादव ने सिविल जज सीनियर डिवीजन (तृतीय) की न्यायाधीश सोनिका वर्मा की अदालत में याचिका दायर कर दावा किया था कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान की 13.37 एकड़ जमीन पर मंदिर तोड़कर औरंगजेब द्वारा ईदगाह तैयार कराई गई थी।

उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर मंदिर बनने तक का पूरा इतिहास अदालत के समक्ष पेश किया। उन्होंने वर्ष 1968 में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ बनाम शाही मस्जिद ईदगाह के बीच हुए समझौते को भी चुनौती दी है।

# भाजपा विधायक अदिति सिंह पर जमीन कब्जाने का आरोप, हंगामे में मूक दर्शक बने रहे अफसर



रायबरेली- रतापुर के निकट हाईवे पर कीमती जमीन पर कब्जा को लेकर रविवार को जमकर हंगामा हुआ। एक पक्ष ने सदर विधायक पर जबरन कब्जा कराने का आरोप लगाया। सूचना पर सीओ सिटी, एसडीएम समेत समूचा प्रशासनिक अमला पहुंच गया। काफी देर तक गहमागहमी का माहौल रहा। हालांकि प्रकरण में कोई मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है। वहीं सदर विधायक ने आरोप को गलत बताया।


रायबरेली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रतापुर चौराहा से कुछ दूरी पर कल्लू पुरवा के पास जमीन पर निर्माण चल रहा था। इस दौरान कुछ लोगों ने पहुंचकर विरोध करना शुरू कर दिया। देखते ही देखते आसपास के लोग एकत्र हो गए। मौके पर सदर विधायक अदिति सिंह भी पहुंच गईं। इससे माहौल और गरम हो गया। सूचना पर सीओ सिटी वंदना सिंह, एसडीएम शिखा शंखवार समेत समूचा प्रशासनिक अमला पहुंच गया।शीला सिंह, राज सिंह, पुष्पा सिंह, मुन्ना सिंह आदि विधायक पर जबरन जमीन पर कब्जा कराने का आरोप लगाने लगे। उनका कहना है कि हमारे बैनामा की जमीन पर कब्जा हो रहा है। इस दौरान सदर विधायक पर गंभीर आरोप भी लगाए। लेकिन मौके पर मौजूद अफसर दस्तावेज नहीं होने की बात बताकर कार्रवाई से बचते रहे। उधर, सदर विधायक अदिति सिंह ने आरोप को झूठा बताते हुए कहा कि गलत तरीके से बैनामा कराया गया है। इस संबंध में मिल एरिया इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह का कहना है कि मामला भूमि विवाद से जुड़ा हुआ है और कोर्ट में चल रहा है। दोनों पक्ष को मुकदमे के निष्कर्ष तक यथास्थिति बनाए रखने के लिए कहा गया है।सत्ता पक्ष के दबाव में काम कर रहे अफसर- पीड़ितों ने प्रशासनिक अमले पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। बार-बार चिल्लाते हुए कह रहे थे कि सत्ता पक्ष के दबाव में अधिकारी काम कर रहे हैं। उन्हें ट्रांसफर होने का डर है। आखिर निर्माण को क्यों नहीं रोकवाया जा रहा है। इस दौरान जिम्मेदार महज मूकदर्शक ही बने रहे।

# हर हाल में चाहिए थी आजादी, इसलिए स्वीकार किया विभाजन, कांग्रेस का भाजपा पर हमला



अमरोहा के गजरौला में कांग्रेस नेता पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद व प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि कांग्रेस पर देश के बंटवारे का आरोप वह पार्टी लगा रही है, जिसके किसी भी नेता ने देश की आजादी के लिए एक डंडा तक नहीं खाया। हमको हर हाल में आजादी चाहिए थी, इसलिए दुखी मन से विभाजन का निर्णय स्वीकार करना पड़ा। पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद और प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी सोमवार को गजरौला पहुंचे।उन्होंने हसनपुर मार्ग पर एक मैरिज हाल में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि कांग्रेस पर देश के बंटवारा करने का आरोप वह पार्टी लगा रही है, जिसके किसी नेता ने अंग्रेजों से लड़ने और देश को आजाद कराने के लिए एक डंडा तक नहीं खाया। और तो और 25 साल तक देश के राष्ट्रीय ध्वज को फहराने से परहेज किया। हमको देश के विभाजन का दुख है, लेकिन किसी भी हालत में आजादी चाहिए थी। इसलिए मजबूरी में बंटवारे को मंजूर करना पड़ा। पूर्व विदेश मंत्री ने भाजपा पर देश के लोगों का मन बांटने का आरोप लगाया। कहा कि जब देश के लोगों को जाति, समाज और समूह में बांट दिया जाएगा तो देश एक कहां रह जाएगा, जबकि कांग्रेस सबको साथ लेकर चलती है। हमारे नेता राहुल गांधी इसी मकसद से भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं। जिसको पूरे देश में अपार समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जो भी देश भक्त है, वह कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ रहा है। पांच जनवरी को उनकी यात्रा प्रदेश में लोनी से होकर हरियाणा में प्रवेश करेगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया, सतीश शर्मा, सुखराज सिंह, श्री राम मौर्य, सचिन चौधरी, अशरफ अली वारसी, ओम प्रकाश पवार, फैज आलम राइनी आदि मौजूद रहे। सलमान खुर्शीद और प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी सोमवार को गजरौला पहुंचे।

## आंगन बाड़ी केन्द्र पर लगा ग्रहण




राजेश कुमार द्विवेदी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बिहार गोपालगंज -कटेया प्रखंड के अमया पंचायत के अमया वार्ड नंबर 6में लगभग पन्द्रह बर्षो से आंगनबाड़ी का कार्य अधुरा पड़ा है।यह आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 10है यह आंगनबाड़ी केंद्र बनते बनते तीन मुखीया का कार्यकाल समाप्त हो गया है लेकिन जिस समय इस आंगनबाड़ी का कार्य शुरू हुआ उस समय हुस्नतारा थी,अब देखना है कि अभि इस आंगनबाड़ी को बनने में कितना वर्ष लगता है।

# ताबों के पन्नों पर ही रह गया भारत प्रकाशन मंदिर, यहीं छपी थी नोबेल विजेता मोरिस की नील विहग




अलीगढ -उर्दू और हिंदी साहित्य के लिए देश-दुनिया में मशहूर अलीगढ़ का पहला प्रकाशन केंद्र रविवार को बंद हो गया। यहां की बहुमूल्य किताबें सुरक्षित रखवा दी गईं हैं। अब इसकी सेवाएं नहीं मिलेंगी। इसके संचालक एवं डीएस कॉलेज के हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश चंद्र शर्मा ने बेहद भरे हुए मन से इसे बंद करने का फैसला किया है। आजादी से ठीक एक पहले सन 1946 में उनके पिता पंडित बद्री प्रसाद ने भारत प्रकाशन मंदिर की शुरुआत की थी। तत्कालीन रेलवे मजिस्ट्रेट एवं साहित्य प्रेमी जयपाल सिंह की प्रेरणा से उन्होंने इस प्रकाशन केंद्र को शुरू किया था। उस दौर में किताबों की बहुत मांग थी और अलीगढ़ में कोई प्रकाशन केंद्र नहीं था। तब भारत प्रकाशन मंदिर की शुरुआत रेलवे रोड स्थित सुभाष चौक से हुई और इसकी प्रेस रघुवीरपुरी में लगाई गई। पंडित बद्री प्रसाद के साथ उनके बड़े बेटे हरिश्चंद्र शर्मा और रमेश चंद्र शर्मा ने मिलकर इसकी जिम्मेदारी संभाली। वर्ष 1989 में बद्री प्रसाद का निधन हो गया। उसके बाद कामकाज हरिश्चंद्र के कंधों पर आ गया। वर्ष 2019 में हरिश्चंद्र का भी निधन हो गया। 76 वर्ष के रमेश चंद्र पिता और भाई के जाने के बाद अकेले पड़ गए। घर में दो भाइयों के बीच कुल चार बेटियां थीं। इनमें से तीन अपने परिवारों के साथ अमेरिका में बस गईं। चौथी दिव्यांग बेटी घर पर ही है। घर में कोई बेटा न होने से इस मशहूर प्रकाशन केंद्र को संभालने के लिए कोई नहीं रह गया। ऐसे में रमेश चंद्र ने इसको बंद करने का फैसला किया। रविवार को उन्होंने बेहद भावुक मन से यहां का सामान शिफ्ट करना शुरू कर दिया। इसके साथ ही देश के जाने माने साहित्यकारों की बैठक का गवाह रहा भारत प्रकाशन मंदिर हमेशा के लिए अलीगढ़ के तालों में कैद हो गया।

## नोबेल पुरस्कार विजेता की पुस्तक यहां प्रकाशित हुई थी

नोबेल पुरस्कार विजेता अंग्रेजी लेखक मोरिस मेटर लिंक की किताब ब्ल्यू बर्ड का हिंदी अनुवाद गोपालदास नीरज और गुजराती साहित्यकार कुंदनिका कपाड़िया ने किया था। हिंदी में ये किताब भारत प्रकाशन मंदिर से प्रकाशित की गई थी। जिसे नील विहग नाम दिया गया। लगभग 55 वर्ष पहले इस किताब की कीमत मात्र एक रुपये थी।

## बड़े रचनाकारों का रहा साथ

यहां पर हजारी प्रसाद द्विवेदी, गोवर्धन नाथ शुक्ला, अंबा प्रसाद सुमन, कैलाश चंद्र भाटिया, रवींद्र भ्रमर, श्रीकृष्ण सहाय सहित कई प्रमुख साहित्यकारों का आना जाना रहा। गोपाल दास नीरज, बनारसी दास चतुर्वेदी, नवाब सिंह चौहान, हरवंश लाल शर्मा, डा. मनोहर लाल गौड़, डा. प्रेम स्वरूप गुप्ता, गोवर्धन नाथ शुक्ल, कुंदन लाल उत्प्रेती और रांगेय राघव की साहित्य एवंअन्य रचनाएं यहां से प्रकाशित हुई हैं।

## सफर एक नजर में

1-2000 से अधिक किताबों का प्रकाशन हुआ और उत्तर प्रदेश सरकार की पहली से आठवीं तक, यूपी बोर्ड की नौवीं से बारहवीं की किताबें प्रकाशित होती रहीं।

2-1955 के आसपास इसका पंजीकरण नवीन चंद निधीश ने कोलकाता से कराया था। 1968 में इसका पंजीकरण रजिस्ट्रार चिट फंड कार्यालय आगरा से कराया गया। 3-इसकी प्रेस रघुवीर पुरी में लगाई गई थी, जिसमें 20, ओपीआई सहित कई मशीनें थीं, ये अलीगढ़ की शुरुआती प्रेस था, जिसे वर्ष 2006 में बंद करा दिया गया था।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न



मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आहूत की गयी, जिसमें मिशन वात्सल्य के अन्तर्गत संचालित योजनाओं बाल संरक्षण सेवाओं, जनपद में बच्चों के संरक्षण हेतु कार्यरत विभागों, संस्थाओं के विगत तीन माह में संपादित कार्यो, बाल विवाह से संबंधित प्रगति, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पान्सरशिप योजना के अन्तर्गत चिन्हित बच्चों, बेटी बचाओं-बेटी पढाओं तथा वन स्टाप आदि की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सम्मानित अधिकारियों एवं एनजीओ को शासन द्वारा निर्धारित प्रोटोकाल को अपनाते हुए कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि वहां पर निर्माणाधीन कार्यो को ठीक एवं गुणवत्तापूर्ण किया जाये। उन्होंने स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा खुला बाल आश्रय गृह, बाल गृह, मुरादाबाद बाल गृह बालिका एवं चाइल्ड लाइन सिटी/ रेलवे में आये बच्चों के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि जो बच्चे शेष हैं नये साल पर उनके माता-पिता से मिलवाने का हर संभव प्रयास किया जाये। किशोर न्याय बोर्ड में 936वाद लम्बित होने पर जिलाधिकारी ने नाराजकी व्यक्त करते हुए निस्तारण के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग, बेसिक शिक्षा, श्रम, बाल विकास एवं पुष्टाहार, एच0टी0यू0 एवं स्वास्थ्य विभाग को भी मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए कार्य करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सभी सेन्टरों एवं वृद्धा आश्रम में मेडिकल टीम भेजकर स्वास्थ्य परीक्षण भी करायें। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी राजेश चन्द्र गुप्त, एसपी टैफिक अशोक कुमार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी विश्राम सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी बुद्धप्रिय सिंह, ए0एल0सी0 सतीश कुमार, संरक्षण अधिकारी शिवांगी शर्मा, अधीक्षिका बाल गृह सुनीता सैनी, विधि प्रवीक्षा अधिकारी फराह नाज, चाइल्ड लाइन की श्रृद्धा शर्मा, एम0ए0 फारुख, विजयप्रताप सिंह कोआर्डिनेटर, इम्त्याज अहमद अंसारी श्रम प्रवर्तन अधिकारी, प्रदीप कुमार सक्सेना क्षेत्रीय खेल कार्यालय, महिला कल्याण के अजय कुमार तथा काउंसलर जगदीश सिंह उपस्थित रहें।



## ठंड के दृष्टिगत कक्षा 1 से 12 तक की समस्त शिक्षण संस्थाएं प्रातः 10 से सायं 3 बजे तक संचालित किए जाने के निर्देश

मुरादाबाद -जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 अरुण कुमार ने जिलाधिकारी मुरादाबाद द्वारा दिये गये आदेशों के आलोक में जनपद में अत्यधिक ठंड होने एवं घने कोहरे के दृष्टिगत जनपद मुरादाबाद की समस्त बोर्डो की कक्षा 1 से 12 तक की समस्त शिक्षण संस्थानों को प्रातः 10 बजे से सायं 3:00 बजे तक संचालित किए जाने के निर्देश दिये हैं।

# छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म में एमए छात्र समेत पांच आरोपी गिरफ्तार

मुरादाबाद-भगतपुर। भगतपुर थानाक्षेत्र में 6वीं की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एमए समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित छात्रा के मामा ने एमए छात्र समेत पांच युवकों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। जिसमें उसने बताया था कि शुक्रवार की शाम उसकी चौदह वर्षीय नाबालिग भांजी गांव में ही पड़ोस की परचून की दुकान पर सामान लेने गई थी। वह काफी समय बाद भी वापस नहीं आई। इसके बाद किशोरी के मामा और परिजन उसकी तलाश में जुट गए थे। मामा अपनी कार से पास के ही रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर उसको तलाश करने पहुंचे। इसी दौरान उसने देखा कि चार पांच युवक उन्हें देखकर भागने लगे। मामा ने तलाश की तो वहीं कुछ दूरी पर भांजी मौके पर मिल गई थी। भगतपुर पुलिस ने गांव निवासी एमए छात्र और उसके चार दोस्तों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म और एससी-एसटी एक्ट में केस दर्ज कर पीड़ित छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया। थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज करने के बाद रविवार को पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है।

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

मुरादाबाद-अगवानपुर।सिविल लाइंस थानाक्षेत्र में कांठ रोड पर आम्रपाली फार्म हाउस के सामने रविवार रात तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार नन्हें की मौत हो गई। जबकि उसका साथी घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में जान गंवाने वाला नन्हें छजलैट थानाक्षेत्र के दयानाथपुर निवासी था। वह रविवार की रात मुरादाबाद से घर लौट रहा था। नन्हें के साथ उसका साथी भी बाइक पर सवार था। अगवानपुर पुल के पास स्थित आम्रपाली फार्म हाउस के सामने करीब करीब नौ बजे पीछे से तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों युवक सड़क पर गिर गए। वाहन का पहिया बाइक चला रहे युवक के सिर को कुचलता हुआ आगे बढ़ गया। चालक वाहन लेकर शेरुआ चौराहे की ओर को भाग गया। सूचना मिलने पर चौकी इंचार्ज मृदुल कुमार पुलिस कर्मियों के साथ घटना स्थल पर पहुंच गया। उन्होंने एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल में भिजवा दिया। जहां डॉक्टरों ने नन्हें को मृत घोषित कर दिया। सिविल लाइंस थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# बहाने से बुलाकर प्रेमी ने दो साथियों संग किया किशोरी से दुष्कर्म

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा - क्षेत्र के ठाकुरद्वारा-मुरादाबाद मार्ग स्थित एक गांव निवासी किशोरी को प्रेमी ने फोन कर बुलाया। इसके बाद हापुड़ ले जाकर किशोरी से दो साथियों के साथ मिलकर दुष्कर्म किया। आरोप है कि पीड़ित ने नौचंदी थाना में शिकायत की, लेकिन दारोगा ने रुपये लेकर मामला रफा-दफा कर दिया। कोतवाली पुलिस ने डीआइजी के निर्देश पर प्रेमी और उसके दो अज्ञात साथियों पर प्राथमिकी लिखी है। गांव निवासी किशोरी को पुतली धनुरा सीलवर नगर निवासी हसन उर्फ आर्यन ने प्रेमजाल में फंसाया। आरोप है प्रेमी ने किशोरी को फोन कर कहा कि वह उसके घर के निकट मंदिर के पास कार में बैठा है। वह उससे मिलने वहीं आ जाए। किशोरी जैसे ही कार के निकट पहुंची। कार में बैठे हसन और उसके साथी मेरठ निवासी हासिम और तैयब ने उससे कहा कि वह कार में बैठ जाए। हसन अपने गांव ले जाकर उससे शादी कर लेगा। किशोरी हसन की बात पर भरोसा कर कार में बैठ गई। तीनों आरोपितों ने उसे हापुड़ में ले जाकर एक मकान में बंधक बनाकर बारी बारी से दुष्कर्म किया। किशोरी के विरोध करने पर कहा कि वह उसका इस्तेमाल करने के लिए लाए हैं। उसके साथ कोई शादी करने वाला नहीं है। तीनों आरोपित उसे धमकी देकर रास्ते में छोड़कर फरार हो गए। आरोप है कि किशोरी ने नौचंदी थाना पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी और प्रेमी का मोबाइल फोन नंबर भी दिया। वहां मौजूद दरोगा ने मोटी रकम लेकर मामला रफा-दफा कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर डीआईजी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने किशोरी के प्रेमी हसन उर्फ आर्यन दो अज्ञात सहित दो साथियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Cold winter

Nature tests human spirits, the rolling mercury in the midst of fog and cold is a matter of concern. Even the Meteorological Department has issued a red alert for the weather in many areas of North India. The sun was hardly visible on Sunday and the mercury kept touching minimum limits at many places. The nights are bloodcurdling, the days are also breaking records. Along with this, the dense fog is putting the lives of the drivers at risk. The Meteorological Department is forecasting rain, snowfall in the western Himalayan regions and cold wave in Punjab-Haryana today. As it is a cycle of seasons, after summer there is rain and then winter. It is also a part of our life cycle. Snow accumulated on the mountains due to snowfall then distributes life in the summer season through Sadanira rivers. But the economic disparity of our society makes extremes of weather intolerable. In such a situation, the death of people due to cold wave shows inequality. Every year when winter is in full swing, there are reports of many people dying. The winter wreaks havoc especially on the homeless. In fact, in the last few years, questions have been raised about the public welfare role of governments. There was a time when the king used to go out in the winter season to know the sorrows and pains of the subjects. There was arrangement of bonfire in public places. Night shelters were made. But such sensitivity is not visible in the rulers in a democratic system. In such a situation, the question arises that why there are reports of people dying in the country due to heat wave in summer, flood in rainy season and cold wave in winter? Undoubtedly we are not able to discharge our social responsibility. In fact, only one class of people die in this extreme season, the poor class. It is not extreme weather that kills them, it is poverty. Which points towards the insensitivity and economic inequality of our society. Actually, if every person of the society contributes a little bit, then no one would die due to the havoc of the weather and hunger. There are so many things, clothes and warm clothes in our homes that if we give them to the needy, some lives can definitely be saved. Most of the time no one wants to be poor. Uprooted from the land and killed by circumstances, only people bear the brunt of poverty. There are some exceptions too, but usually due to trouble, they are seen spending the night at railway and bus stations. Towards whom sensitive behavior of the society is expected. So that their right to life can be protected. As a responsible citizen, we should force the administration and local body officials to arrange for night shelters. Blankets and clothes should be distributed to the poor with the help of voluntary organizations. Certainly the fierce form of the season tests man. If we help the underprivileged to combat it, we can avoid some untimely death.

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# Not only Tunisha Sharma, these television stars also lost their lives by suicide

The death of Tunisha Sharma, who had become a big name of television at the age of 20, shocked everyone. Apart from the lead actress of Ali Baba, there are many television stars who took a big step like suicide at a young age. Ali Baba actress Tunisha Sharma passed away at the age of 20. The news of Tunisha's demise came as a shock to the entire industry. From Yeh Rishta Kya Kehlata Hai actor Mohsin Khan to Sneha Wagh, many stars paid tribute to him. If reports are to be believed, Tunisha committed suicide by hanging herself in the make-up room of her co-actor Sheezan Khan on her shooting set. After Tunisha's death, the police have taken Shejan into custody.




Let us tell you that Tunisha is not the only actress who, being disappointed with life, took a big step like suicide at the age of just 20. Even before him, there were many such stars who said goodbye to this world at an early age. So let's see the list. Vaishali Thakkar- Famous TV actress Vaishali Thakkar, who was seen in shows like Sasural Simar Ka and Yeh Rishta Kya Kehlata Hai, breathed her last on 16 October 2022. If reports are to be believed, the actress committed suicide by hanging herself at her Indore home. According to the reports, according to the police, the actress took this big step after getting upset with her partner Rahul Navlani and her neighbors.

Everyone was deeply shocked by his death. Pratyusha Banerjee - Pratyusha Banerjee, who became popular in every household by becoming Anandi in Balika Vadhu, committed suicide on 1 April 2016 at her Oshiwara home in Mumbai. Her fans still cannot believe that their favorite actress is no longer with them. He took a big step like this suicide at the age of just 24. The reason for her suicide was said to be the frequent ups and downs in her relationship with her partner Rahul Raj Singh. It was also said in many reports that Rahul used to fight with actresses. Sejal Sharma- Sejal Sharma, who appeared in shows like 'Dil To Happy Hai Ji', had also committed suicide. He breathed his last on 24 January. After the death of the actress, her suicide note was also found, in which she clarified that no one is responsible for her death. According to the reports, despite being a part of the industry for many years, Sejal was not getting shows, due to which she started living in depression. Actress Preksha Mehta, who was seen in shows like Crime Patrol, died on 25 May 2020 at her Indore home. Had committed suicide at home.

If reports are to be believed, the actress was not getting work due to the lockdown, due to which she had become very depressed. She had returned to her home during the lockdown. She also shared a post on her Instagram before her death, in which she wrote, 'Sabse bura hota hai, sapno ka mar jaana'. Actress and model Kuljit Randhawa hanged herself in Juhu apartment in 2006 at the age of 30. Had committed suicide. She had left behind a note before her death, in which she said that she was not able to handle the pressure of her life. Actor Manmeet Grewal, who appeared in the serial Aadat Se Majboor, committed suicide at the age of 32. was raised If reports are to be believed, he started living in depression due to the financial crisis, as he was not able to meet his expenses. Manmeet was under a lot of stress due to not getting work in the lockdown. Actor Kushal Punjabi, who made his mark in television as well as Bollywood films, surprised the entire industry by adopting a suicide-like path on 26 December 2019. If reports are to be believed, like Manmeet, he too started living in depression due to non-availability of work.

# संगठन के 50 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया दीपोत्सव

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- जिला उद्योग व्यापार मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के अलावा कस्बा देहात क्षेत्र की सभी इकाईयों के पदाधिकारियों ने संगठन के 50 वर्ष पूर्ण होने पर दीपोत्सव मनाया। नगर उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अतुल राठी के नेतृत्व में शहर के मुख्य बाजार घंटाघर स्थित सभी व्यापारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर दीप जलाकर संगठन का 50 वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम से पूर्व समूचे बाजार को गुब्बारों से सजाकर लाइटों से जगमग किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अग्रिम जैन, सुजीत देव वार्ष्णेय, अशोक सराफ, डेविड जैन, संजीव जैन मौजूद रहे। उधर, अवागढ़ में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर दीपोत्सव कार्यक्रम हुआ। युवा व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री गणेश वार्ष्णेय के कार्यालय पर व्यापारियो ने दीपक प्रज्वलित कर दीपोत्सव मनाया। आदित्य वार्ष्णेय, अंशुल जैन, यश गोयल, मुकेश गुप्ता, विवेक वार्ष्णेय बंटी, अरविंद गुप्ता, अतुल वार्ष्णेय आदि थे।

### व्यापार मंडल की स्वर्ण जयंती पर जलेसर में भी मना उत्सव

जलेसर। नगर उद्योग व्यापार मंडल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर व्यापारियों ने मोमबत्ती जलाकर उत्सव मनाया। उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष विशन वार्ष्णेय ने व्यापारियों से कहा कि वह कानून के दायरे में रहकर अपना कार्य करें। जिससे व्यापारियों को कोई परेशानी न हो। कार्यक्रम में आदित्य मित्तल, विषम वार्ष्णेय, सोनू सराफ, कपिल देव वार्ष्णेय, संजीव वार्ष्णेय, संजू, हिमांशु गुप्ता, कपिल गुप्ता, पुलकित गुप्ता उपस्थित रहे।

# जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों आदि ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की एवं परिजनों को आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- सिक्किम बस दुर्घटना में शहीद हुए सैनिक श्री भूपेंद्र सिंह जी के गांव गढ़िया जगन्नाथ पहुंचकर मा0 मंत्री श्री जयवीर सिंह, क्षेत्रीय विधायक सत्यपाल सिंह राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों आदि ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की एवं परिजनों को आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया अमर शहीद का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया,

माँ भारती के सच्चे सपूत को शत शत नमन! इस अवसर पर मा0 विधायक सत्यपाल सिंह राठौर, गजेन्द्र सिंह चौहान बबलू सहित जनपद के अन्य मा0 जनप्रतिनिधिगण, एसएसपी उदय शंकर सिंह, एडीएम प्रशासन आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारीगण, सेना के जवान, क्षेत्रीय जनसामान्य मौजूद रहा

# नवजात बिटिया का इस तरह हुआ स्वागत

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा- एटा में नवजात बिटिया का इस तरह हुआ स्वागत. जनपद मुख्यालय स्थित मोहल्ला कैलाश गंज में. भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष पंकज गुप्ता. के पुत्र प्रशांत गुप्ता की पत्नी वैशणवी ने. जिला अस्पताल में बिटिया को जन्म दिया. जब यह. नया मेहमान अपने घर पहुंचा तो घर वालों ने उसका बैंड बाजे के साथ घर सजा कर स्वागत किया. जयपुर सरकार के प्रयास में बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा. वहीं कुछ क्षण मानसिकता के लोग. नवजात बेटियों पर. जन्म के समय दृश्य रखते हैं. और कुछ लोग तो इन बेटियों को. परित्याग भी कर देते हैं. ऐसा ही एक मामला थाना जलेसर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सकरौली में देखने को आया जहां. एक नवजात बेटी को लावारिस. पुलिस ने बरामद किया. जैसे कोई लेने वाला नहीं था तब थाना सकरौली में तैनात एक सिपाही ने उसे गोद लिया. और अपनी पुत्री के रूप में पालन-पोषण शुरू कर दिया गत दिवस. उसे पाइनइस गोद ली हुई नवजात पत्रिका. थाने में भव्य रूप से नामकरण संस्कार किया. आज के युग में धन्य है ऐसे लोग पंकज गुप्ता और थाना सकरौली में तैनात सिपाही जो आज बेटियों को. सम्मान की दृष्टि से देख रहे हैं. हालांकि वर्तमान समय में बेटी और बेटे में कोई अंतर नहीं है बल्कि बेटों की अपेक्षा बेटियां अधिक मां-बाप का नाम रोशन कर रही हैं और देश के हर मुकाम पर अपना नाम दर्ज करा रही हैं

# भाजपा नेता को जान से मारने की दी गई धमकी

योगेश मुदगल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-मिरहची। भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष को आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी है। गांव जिन्हैरा निवासी सूफी नसीर अली भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष है। थाना मिरहची में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गांव के जफरूद्दीन सहित चार लोगों ने रास्ते में घेरकर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने गांव के कुछ लोगों पर हमला किया था। इसमें उन्होने पीड़ित का साथ दिया था

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# छापे के दौरान 15 जुआरी गिरफ्तार 43900 रु नकद तथा अन्य सामान बरामद

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- अलगङ्अलग स्थानों पर छापे के दौरान 15 जुआरी गिरफ्तार। 43900 रु नकद तथा अन्य सामान बरामद। कासगंज,जनपद में पुलिस अधीक्षक बी बी जीटी एस मूर्ति के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र दुबे के पर्यवेक्षण में थाना सोरों और थाना गंजडुंडवारा पुलिस द्वारा मारे गए छापे में कुल 15 जुआरी जुए में प्रयोग होने वाले सामान स हित गिरफ्तार किए गए हैं।

थाना सोरों के अन्तर्गत गिरफ्तार जुआरियों से पुलिस ने ,31 हजार रुपए नकद, दो कार,03 मोटरसाइकिल, 06 मोबाइल तथा ताश की गड्डी बरामद की। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम जय कुमार पुत्र सूरज,2 . राकेश पुत्र सुरेन्द्र पाल सिंह निवासी नगला भूड़ थाना सिकंदरा राऊ,हाथरस,3 . राहुल शर्मा पुत्र वेदराम शर्मा निवासी कस्बा व थाना वजीर गंज , बदायूं, 4.जयप्रकाश पुत्र जयवीर सिंह नि.ग्रा.पैसोई थाना सोरों , कासगंज 5.अर्जुन पुत्र राजेंद्र नि.प्रहलाद पुर थाना सोरों , कासगंज ,6.मनोज पुत्र रमेश चंद्र नि.उपरोक्त 7.शिब्बू यादव पुत्र राम बाबू यादव निवासी गंगेश्वर कालौनी कासगंज बताए जाते हैं।

इसी तरह थाना गंजडुंडवारा पुलिस द्वारा गांव पंचपोखरा के समीप आम के बाग के पास पुलिस ने 08जुआरिओं को गिरफ्तार किया इन जुआरियों के नाम इसरार पुत्र इस्तियाक ,45वर्ष ,अकरम पुत्र उमरदराज,25, वर्ष , भूरा पुत्र काले खां ,45 वर्ष ,कमरुल पुत्र कदील खां,42 वर्ष ,शानू पुत्र शान मोहम्मद ,28, वर्ष, असलम पुत्र इशाक खां 32वर्ष, मुकद्दिस पुत्र शान मोहम्मद ,24 वर्ष सभी निवासी ग्राम पंचपोखरा थाना गंजडुंडवारा कासगंज बताए जाते हैं , जिनके खिलाफ थाना सोरों में मु.अ.सं. 547/22 धारा 13 तथा थाना गंजडुंडवारा में मु.अ.सं. 311/22 धारा 13 में पंजीकृत किया गया है तथा आगामी कार्यवाही की जा रही बताई जाती है

# दशगात्र में भोजन के बाद 66 की बिगड़ी तबीयत, 30 महिलाओं सहित 40 अस्पताल में भर्ती

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में दशगात्र कार्यक्रम में भोजन के बाद 66 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। लोगो को उल्टी और दस्त शुरू हो गए। इनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। इसके बाद हड़कंप मच गया। आनन-फानन में स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी गई। गांव में ही कैंप लगाकर ग्रामीणों का उपचार शुरू हुआ। हालांकि हालत ज्यादा बिगड़ने पर 30 महिलाओं सहित 40 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीएमओ डा. आरके विश्वकर्मा के अनुसार शाम को लोगों को खाना खिलाया गया था। बचा हुआ खाना रविवार दोपहर लोगों को बांटा गया। इसमें बड़ा बासी होने के साथ संभवतः खराब हो चुका था, जिसके कारण फूड प्वाइजनिंग होने की जानकारी सामने आई है। ऐहतियातन पीड़ितों को निगरानी में रखा गया है।

## सौ से ज्यादा लोगों ने किया था भोजन

दरअसल, पूरा मामला रामानुजनगर विकासखंड के बिशुनपुर गांव का है।



गांव में रविवार को दशगात्र कार्यक्रम था। इसमें करीब सौ लोग भोजन करने पहुंचे। खाना खाने के बाद लोगों को उल्टी और दस्त भी शुरू हो गया। इसके बाद जानकारी रामानुजनगर बीएमओ को दी गई। बीएमओ आरके विश्वकर्मा सहित डॉक्टर मौके पर पहुंचे और कैंप लगाकर इलाज शुरू किया गया। जिनकी हालत खराब थी उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया।

## कैंप में इलाज से 26 लोग हुए ठीक

बीएमओ डा. आरके विश्वकर्मा ने बताया कि 66 लोग बीमार हुए थे। गांव में कैंप लगाकर इलाज से 26 लोग ठीक हो गए। जिला अस्पताल में दाखिल कराए गए 40 पीड़ितों में 30 महिलाएं और बच्चे हैं। अस्पताल में भर्ती रीता व मानमती ने बताया कि खाना खाने के करीब आधे से एक घंटे बाद ही सभी लोगों को उल्टी व दस्त होने लगा। कुछ देर में ही बच्चों एवं महिलाओं की हालत ज्यादा खराब होने पर सभी को जिला अस्पताल भेजा गया।

# कड़ाके की सर्दी में स्वेटर पाकर खिले बच्चों के चेहरे



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- अकराबाद -कस्बा स्थित राष्ट्रीय इंटर कालेज में कालेज की ओर सभी छात्र छात्राओं को लगातार पड़ रही कड़ाके ठंड को देखते हुये गर्म कपड़े के साथ ऊनी स्वेटर पहनकर आने के लिए कहा था।बार बार कहने के बाद जब कुछ छात्र पहनकर नहीं आये तो ऐसे छात्रा छात्राओं को बुलाकर जानकारी की तो बच्चों ने पैसा न होने का हवाला दिया। सोमवार को ऐसे सभी बच्चों को राष्ट्रीय इण्टर कालेज अकराबाद के अध्यापकों अरविंद कुमार, सुमित कुमार, सुदेश कुमार, चुन्नी लाल, राणा प्रताप, अरुण कुमार, संदीप कुमार यादव, आर एस यादव, सुबोध कुमार,अशोक शर्मा, सत्येंद्र मोहन पाठक आदि ने अपने निजी पैसों से स्वेटर खरीद कर बच्चों को बितरण किया। स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी।

# रास्ते के विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट दोनों पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

लवकुश ठाकुर -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-अकराबाद - गांव मंडनपुर में की सुबह एक रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के लोग आमने सामने आगये। दोनों ओर से जमकर लाठी डंडे चल गये।मारपीट में दोनों पक्ष के पांच लोग घायल होगये। गांव मंडनपुर निवासी चंद्र पाल पुत्र लोकमन सिंह ने कोतवाली में लिखाई रिपोर्ट में कहा है। गांव के ही दूसरे पक्ष से एक रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है इसी रंजिश को लेकर गांव के ही रामस्वरूप व ओमप्रकाश पुत्रगण इंद्रजीत ने मारपीट व गाली गलौज की है।वहीं दूसरे ने भी अपने साथ मारपीट का आरोप लगाते हुये चंद्र पाल उर्फ पप्पू, भूरीसिंह, व वृजेश पुत्रगण लोकमन के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मामा के घर आया तो युवती को देख प्यार करने लगा

छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में सनकी युवक ने एक तरफा प्यार के चलते एक युवती के गले में चाकू मार दिया। इससे पहले आरोपी युवक ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट भी डाली। इसमें गाली देते हुए लिखा है कि बोला था न मरेगी...। फिलहाल युवती की हालत गंभीर है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला उरगा थाना क्षेत्र का है।

## मेला देखने जा रही थी युवती

जानकारी के मुताबिक, तुमान गांव निवासी उमा कुमारी (19) रविवार शाम को अपनी सहेलियों के साथ मड़ई मेला देखने के लिए जा रही थी। आरोप है कि इसी दौरान जांजगीर के धनपुरी गांव निवासी चंद्रेश कंवर (23) पहुंच गया। उसने उमा की सहेलियों को डरा-धमका कर जाने के लिए कहा और फिर युवती के गले में चाकू से वार कर दिया।

## 12वीं के बाद पढ़ाई छोड़ कर घूमता रहता है आरोपी

वारदात के बाद उमा की सहेलियों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की, लेकिन आरोपी भाग निकला। वहीं युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज जारी है। आरोपी ने 12वीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। वह इधर-उधर घूमता रहता था। वहीं युवती भी





12वीं करने के बाद घर में ही रह रही थी।

## मामा के घर आया तो युवती को देख प्यार करने लगा।

पुलिस ने बताया कि, जांजगीर के धनपुरी गांव निवासी चंद्रेश कंवर (23) के मामा का कोरबा के तुमान गांव में घर है। इस वजह से वह यहां आता रहता था। इस दौरान उसने गांव में ही रहने वाली उमा कुमारी (19) को करीब डेढ़ साल पहले देखा। इसके बाद चंद्रेश उससे एक तरफा प्यार करने लगा। चंद्रेश ने युवती से अपने प्यार का इजहार भी किया।

## घर में घुसकर आग भी लगा चुका था।

युवती ने पुलिस को बताया कि उसने आरोपी को मना कर दिया। साथ ही साफ कर दिया था कि वह उसके पीछे न आए। इसके बाद भी चंद्रेश नहीं माना। करीब साल भर पहले तो वह घर में घुस आया और सबको डराकर अंदर बंद कर दिया। इसके बाद बाहर रखे पैरावट में आग लगा दी। फिर दूर-दूर से देखा करता था। कहीं से नंबर मिला तो कॉल भी करने लगा था।

# विशेष परिस्थितियों को देखते हुए मानवता के दृष्टिकोण से ई-रिक्शा भेंट किया

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -कमिश्नर श्री आन्जनेय कुमार सिंह के निर्देशानुसार संयुक्त विकास आयुक्त श्रीकृष्ण पाण्डेय तथा उपायुक्त विकास श्री गजेन्द्र प्रताप सिंह ने श्रीमती शान्ति देवी निवासी काशीरामनगर की विशेष परिस्थितियों को देखते हुए मानवता के दृष्टिकोण से ई-रिक्शा भेंट किया। ज्ञातव्य रहे कि श्रीमती शान्ति देवी बहुत ही गरीब है तथा इनके पास जीविकोपार्जन का कोई साधन उपलब्ध नही है। परिवार को रोजगार देने के उद्देश्य से रोजगार एवं परिवार के भरण पोषण हेतु श्रीमती शान्ति देवी को ई-रिक्शा भेंट किया गया है। संयुक्त विकास आयुक्त ने बताया कि पति की बीमारी एवं पारिवारिक स्थिति खराब होने के कारण वह रिक्शा खरीद पाने में सक्षम



नही है इसलिए आयुक्त ने मानवता के दृष्टिकोण से महिला के परिवार को आत्मनिर्भर बनाने हेतु ई-रिक्शा भेंट करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक की मैनेजर दीप्ति रस्तोगी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# दीपनारायण यादव से मुलाकात के बाद बोले अखिलेश यादव, सरकार सपा कार्यकर्ताओं पर झूठे केस लगा भेज रही जेल



अखिलेश यादव ने जेल में बंद सपा के पूर्व विधायक दीपनारायण यादव से मुलाकात की। जिसके बाद उन्होंने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। झांसी में जेल में बंद सपा के पूर्व विधायक दीपनारायण यादव से मुलाकात के बाद अखिलेश यादव यादव ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को जेल भेजा जा रहा है, विधायक इरफान सोलंकी को जेल भेजा गया। झूठे मुकदमे लगाकर केस किया जा रहा है। सरकार के दबाव में प्रशासन काम कर रहा है। दबाव में अधिकारी सपा कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई कर रहे हैं। कुख्यात लेखराज सिंह यादव को पुलिस कस्टडी से छुड़ाने की कोशिश करने के आरोप में सपा के पूर्व विधायक दीपनारायण सिंह यादव पिछले तीन महीनों से जेल में बंद हैं। जेल में उनसे मिलने के लिए पहले पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 22 दिसंबर को झांसी आने वाले थे, परंतु पुलिस लाइन के हैलीपेड पर हेलिकॉप्टर उतारने की अनुमति न मिलने की वजह से उनका दौरान रद्द हो गया था।

# एसपीसी छात्राओं ने किया श्रावस्ती सिविल कोर्ट विजिट



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती -श्रावस्ती महामाया राजकीय बालिका इंटर कॉलेज इकौना श्रावस्ती के एसपीसी छात्राओं ने श्रावस्ती सिविल कोर्ट विजिट किया इस दौरान प्राचार्या एवम नोडल अधिकारी अंशु की उपस्थिति एवम डीएलएसए श्रावस्ती कर्मचारी दयाराम,शेखर एवम ब्रह्मवादिनी शुक्ला के सहयोग से अपर जिला एवम सत्र न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रावस्ती के द्वारा दिए गए निर्देश पर कराया गया तथा सभी छात्रों को कोर्ट भ्रमण कराते हुए विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रावस्ती के पैनल लॉयर अशोक कुमार शर्मा उपस्थित थे।

# ऑनर किलिंग: भाई को पसंद नहीं था गांव के ही युवक के साथ बहन का संबंध, गला घोंटकर मार डाला, घर में दफनाया

लखनऊ के सैरपुर के परली गांव में रहने वाले हिमांशु ने अपनी सगी बहन शिवानी ( 20 ) का गला घोंट दिया। उसकी मौत हो गई। इसके बाद हिमांशु ने उसके शव को दूसरे कमरे में गड्ढा खोदकर दफन कर दिया। वारदात की जानकारी ग्रामीणों ने रविवार को पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कमरे से गड्ढा खोदकर बाहर निकाला। आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुताबिक मृतका का संबंध गांव के ही किसी युवक से था। जिस पर आरोपी आपत्ति करता था। इसी बात पर शनिवार शाम को दोनों के बीच विवाद हुआ। जिसके बाद वारदात को अंजाम दिया गया। डीसीपी उत्तरी एसएम कासिम आब्दी के मुताबिक सैरपुर के परली गांव का हिमांशु सिंह पेशे से डाला चालक है। परिवार में उसके अलावा बहन शिवानी रहती थी। परली गांव में एक युवक ने अपनी बहन का गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी। लड़की का गांव के ही युवक के साथ संबंध था। इसे लेकर विवाद हुआ था जिस पर युवक ने उसकी हत्या कर दी। हिमांशु के पिता व मां की मौत पांच साल पहले हो चुकी है। हिमांशु के पिता ने दो शादियां की थी। उसकी सौतेली मां से तीन बेटियां है। जो अलग रहती हैं। वहीं हिमांशु व शिवानी एक ही मकान में रहते हैं। शनिवार देर शाम को हिमांशु नशे की हालत में घर पहुंचा। हिमांशु ने शिवानी के एक युवक से संबंध होने की बात पर आपत्ति की। इस पर शिवानी नाराज हो गई। उससे कहासुनी शुरू कर दी। नशे में धुत्त हिमांशु ने शिवानी का गला घोंट दिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

## शिवानी को कमरे में दफनाया

पुलिस के मुताबिक हिमांशु के घर में दो कमरे व किचन हैं। हत्या के बाद उसने शिवानी का शव छिपाने के लिए घर के अंदर ही गड्ढा खोदा। उसमें शव दफना दिया। पूरी रात पास के कमरे में रहा। रविवार सुबह वह घर पर ताला बंद कर निकल गया। दोपहर में वापस आया। हिमांशु कभी अपने घर में ताला नहीं बंद करता था। इस पर गांव के लोगों को संदेह हुआ। इसकी सूचना पुलिस को दी गई एक कमरे में मिट्टी खुदी हुई दिखी। जिस पर पुलिस ने सख्ती शुरू की। एक टीम लगाकर गड्ढा खुदवाया तो अंदर से शिवानी का शव निकला। पुलिस ने हिमांशु को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ कर रही है।

## बार-बार बदल रहा बयान

डीसीपी उत्तरी के मुताबिक पूछताछ में हिमांशु लगातार बयान बदल रहा है। उसने शुरूआत में बताया कि विवाद हुआ था। इसके बाद हिमांशु ने कहा कि उसकी बहन का चरित्र ठीक नहीं है। पिता की मौत के बाद से वह अपनी मर्जी से काम करती थी। वहीं गांव की रिश्ते में एक भाभी ने उसे सूचना दी थी कि उसके जाने के बाद उससे मिलने एक युवक आता था। हिमांशु ने पुलिस को बताया कि संदेह होने पर उसका कुछ दिनों तक पीछा किया। तो युवक के साथ कई बार देखा था। इस पर उसे मना किया, लेकिन शिवानी नहीं मान रही थी। नाराज रहता था। शनिवार शाम को वह घर पहुंचा तो उस समय वह युवक से मोबाइल पर बात कर रही थी। इससे वह नाराज हो गया। आपत्ति की तो शिवानी झगड़ा करने लगी। इसी दौरान उसका गला दबा दिया। जिससे मौत हो गई।

# छापेमारी के दौरान दुकान गोदाम से नकली मोबिल की खेप बरामद

प्रेमचंद जायसवाल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


श्रावस्ती - श्रावस्ती कैस्ट्रॉल मोबिल कंपनी के जांच अधिकारी ने पुलिस टीम के साथ कैस्ट्रॉल मोबिल कंपनी के जांच अधिकारी ने दो दुकानों में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दो दुकानों से नकली मोबिल की खेप बरामद की। जिसके तहत दोनों व्यापारियों के विरुद्ध कापीराइट एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। नई दिल्ली से आए कैस्ट्रॉल मोबिल कंपनी के जांच अधिकारी दिलीप कुमार व इकौना थाने की पुलिस ने शनिवार को इकौना के बाईपास स्थित तीन इंजन आयल की दुकानों में छापेमारी की। इस दौरान टीम ने इकौना बाईपास क्षेत्र में स्थित रॉयल ऑटो चैम्प, अशरफ ऑटो सेंटर व यूनिवर्सल ट्रेडर्स के गोदामों में छापा मारा। छापेमारी के दौरान दो दुकानों से कैस्ट्राल कम्पनी का नकली मोबिल बरामद कर जब्त कर लिया। साथ ही दोनों व्यापारियों के विरुद्ध कापी राइट एक्ट समेत अन्य वांछित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। टीम में कम्पनी के विनोद कुमार तिवारी, दीपू सिंह, राघवेंद्र सिंह के साथ ही पुलिस विभाग से उपनिरीक्षक धर्मराज, आरक्षी अमित चौहान, महिला आरक्षी नन्ही आदि शामिल रहे। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि दुकानदार विनय पुत्र ननकुन्ने निवासी आचार्य पुरवा, अशरफ पुत्र मोहम्मद रफीक निवासी पंडित पुरवा चिचड़ी को गिरफ्तार कर जेल रवाना किया


# मलखंब की महिला खिलाड़ी का आरोप- इनाम की राशि में हिस्सा मांगते हैं कोच, मना करने पर नहीं किया चयन



मलखंब की राष्ट्रीय स्तर की महिला खिलाड़ी ने कोच पर शोषण का आरोप लगाया है। कहा कि कोच इनाम में मिलने वाली राशि में हिस्सा मांगते हैं। मना करने पर उससे कमतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अधिक अंक दिए। इससे उसका चयन नहीं हो पाया। महज पैसों की वजह से कोच उसके साथ ऐसा व्यवहार कर रहे हैं। खिलाड़ी के पिता ने जिलाधिकारी से भी इसकी शिकायत की है। जिले के नरसिंह राव टौरिया निवासी दीपशिखा कुशवाहा मलखंब की राज्य व राष्ट्रीय स्तर की कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुकी हैं। उनका कहना है कि बीते जून महीने में पंचकुला में यूथ नेशनल गेम हुए। उसमें उसका चयन हुआ था। इस पर उसके दो कोचों ने उससे पुरस्कार में मिलने वाली राशि में हिस्सा मांगा था। मना करने पर कोचों ने उसका मानसिक शोषण शुरू कर दिया। इससे तंग आकर उसने अभ्यास करना छोड़ दिया। इसके बाद बीबीसी में बीएससी प्रथम वर्ष में प्रवेश ले लिया। कॉलेज की ओर से वह 22 दिसंबर को अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता का ट्रायल देने बीकेडी गई थी। इसमें उसका बेहतर प्रदर्शन रहा। लेकिन, निर्णायक मंडल में शामिल कोचों ने उसका चयन नहीं किया। कोचों के इस रवैये से उसका भविष्य खराब हो रहा है। दीपशिखा के पिता संतोष कुशवाहा ने इसकी शिकायत शनिवार को जिलाधिकारी से भी की है। उन्होंने कोचों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उप्र मलखंब एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष संजीव सरावगी ने कहा कि हाल ही में मामला संज्ञान में आया है। इसकी जांच कराई जाएगी। महिला खिलाड़ी की शिकायत सही पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही इस मामले की जानकारी मलखंब फेडरेशन ऑफ इंडिया को भी दी जाएगी।मलखंब की राष्ट्रीय स्तर की महिला खिलाड़ी दीपशिखा कुशवाहा ने कोच पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कोच को इनाम की राशि में हिस्सा न देने पर उन्होंने मेरा चयन नहीं किया।

# श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे अभिनेता गोविंदा, पत्नी सुनीता संग बाबा दरबार में टेका मत्था





वाराणसी- धर्म की नगरी काशी में फिल्म अभिनेता? एवं पूर्व राजनेता गोविंदा अपनी पत्नी सुनीता के साथ सोमवार को बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। बाबा विश्वनाथ का विधि- विधान से दर्शन-पूजन किया। इसके अलावा गोविंदा ने पत्नी संग मां अन्नपूर्णा के दरबार में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया। विधि-विधान से किया बाबा विश्वनाथ का पूजन- गोविंदा रविवार को सबसे पहले ?काशी विश्वनाथ धाम मंदिर पहुंचे। सोमवार का दिन होने के चलते मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ भी रही। गोविंदा को अपने बीच देख समर्थक भी खुश नजर आए। गोविंदा ने भी समर्थकों का अभिवादन किया। इस दौरान गोविंदा ने परंपरानुसार विश्वनाथ धाम में विधि-विधान से बाबा का षोडशोपचार पूजन किया।

इस अवसर पर गोविंदा और उनकी पत्नी को मंदिर की ओर से रुद्राक्ष की माला, अंगवस्त्रम और प्रसाद भेंट किया गया।

श्रीकाशी विश्वनाथ धाम को देख मंत्र मुग्ध हुए गोविंदा- बाबा का आशीर्वाद लेने के बाद गोविंदा ने भव्य, दिव्य और नव्य धाम की सुंदरता भी निहारी। बाबा दरबार की स्वर्णमयी भव्यता को देखकर गोविंदा मंत्र मुग्ध नजर आए। बाबा दरबार की महिमा और दिव्यता का बखान करते हुए अपनी यात्रा का उद्देश्य निजी तौर पर बताया। कहा कि वह बाबा का आशीर्वाद लेने के लिए आए हैं।माता अन्नपूर्णा के दरबार नवाया शीश- अभिनेता गोविंदा अपनी पत्नी सुनीता के साथ माता अन्नपूर्णा के दरबार में भगवती का आशीर्वाद लिया। वहां मंदिर अर्चक ने प्रसाद के रूप में चुनरी दिया। दर्शन- पूजन के बाद गोविंदा अपनी पत्नी के साथ अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए।

# अभिलेखों की सुरक्षा एवं साफ सफाई का प्रबन्ध सुनिश्चित करने हेतु दिये कड़े निर्देश



शशिकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

शाहजहाँपुर- जिलाधिकारी श्री उमेश प्रताप सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित राजस्व अभिलाखागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाए देखीं। राजस्व अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौजूद लोगो से वार्ता भी की। इस दौरान जिलाधिकारी ने अभिलेखागार में मौजूद श्री राम सेवक गुप्ता पुत्र श्री नन्हे लाल से उनकी समस्या के संबंध में जानकारी ली, श्री रामसेवक ने बताया कि वह अभिलेखागार में नकल निकलवाने हेतु आए हैं। इससे पूर्व भी वह नकल निकलवाने हेतु आ चुके हैं परंतु अभी तक उन्हे अभिलेख की नकल प्राप्त नहीं हो पाई है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी कड़े निर्देश दिए कि कल 11:00 बजे तक राम सेवक द्वारा बताए जा रहे अभीलेख कि नकल उपलब्ध करते हुए स्थिति से अवगत कराएं। साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के लिये आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित किये जाये तथा जनता को आवश्कतानुसार अभिलेख समय से उपलब्ध करायें जायें। जिलाधिकारी ने कहा कि अभिलेख प्राप्त करने हेतु जनता को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े, यह सुनिश्चित किया जाये। अभिलेखागार में रखे सभी अभिलेखो की सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रभारी अभिलेखागार की है। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण अभिलेखो की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक बर्दाश्त नही की जायेगी।

# लखनऊ में जघन्य वारदात, अवैध संबंधों के शक में भाई ने छोटी बहन की हत्या कर कमरे में दफनाया शव

सीतापुर रोड पर सैरपुर इलाके में शनिवार रात को रोंगटे खड़े कर देने वाली वारदात हुई जहां एक भाई ने अपनी छोटी बहन की गला घोटकर हत्या कर दी। इतना ही नहीं वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारे ने शव को घर के अंदर ही कमरे में दफना कर गड्ढा पाट दिया और उसके ऊपर ईंट बिछा दी। इस घटना का खुलासा एक गोपनीय फोन से हुआ। सूचना पर रविवार रात पुलिस ने घर पर छापेमारी कर सर्च आपरेशन चलाया और कमरे से शव बरामद कर लिया।

## पूछताछ में हुआ ये खुलासा

पुलिस आरोपित को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ कर रही है। फिलहाल इंटेरोगेशन में पता चला है कि युवक ने अवैध संबंधों के शक में बहन को मारा था। वह एक युवक से अकसर मिलती थी। फोन पर घंटों बात करती थी और भाई इसका विरोध करता था, जिसे लेकर दोनों में अक्सर झगड़ा होता था। इंस्पेक्टर सैरपुर सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि रविवार रात पुलिस कंट्रोल रूम पर एक गोपनीय फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि सैरपुर के एक गांव में युवक ने अपनी बहन की हत्या कर शव घर में दफना दिया है। इस सूचना पर थाने की पुलिस टीम पहुंची तो घर बंद था। ग्रामीणों के सामने ताला तोड़कर वीडियो ग्राफी कराई गई और पुलिस टीम घर के अंदर पहुंची। सर्च आपरेशन चलाया गया तो एक कमरे में एक स्थान पर ईंट बिछी मिली। उसे हटाया गया तो खुदाई की हुई जगह मिली।पुलिस टीम और मजदूरों की मदद से मौके की खुदाई कराई गई। कमरे में ही युवती का शव रिकवर हो गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कमलापुर चौकी प्रभारी की तहरीर पर युवती के आरोपित भाई के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में पता चला कि बीते पांच साल पहले युवक के माता-पिता की मौत हो चुकी थी। इसके बाद वह अपनी बहन के साथ रहता था। बहन फोन पर एक युवक से बात करती थी, जिसका वो विरोध करता था। दो दिन पहले युवती अपने प्रेमी से मिलकर भी आई थी। इस पर दोनों में झगड़ा होता था। संबंधों के शक में युवक ने अपनी बहन की हत्या कर दी।

## रात भर हुई खुदाई, गले में बंधा मिला गमछे का फंदा

इंस्पेक्टर ने बताया कि युवक ने गमछे से गला कसकर बहन की हत्या की है। शव जब निकाला गया तो युवती के गले में गमछा बंधा था।

इंस्पेक्टर के मुताबिक पुलिस टीम और दो मजदूरों ने रात भर कमरे में खुदाई की थी। युवक ने काफी गहरा गड्ढा खोदकर उसमें शव दफनाया था।

# 31 अपराधियों को किया गिरफ्तार

शशिकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

शाहजहाँपुर- एस. आनन्द पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण/नगर के पर्यवेक्षण मे दिनांक 17.12.22 से 31.12.22 तक अवैध शराब निष्कर्षण, तस्करी, अवैध शस्त्र पर प्रभावी रोकथाम व अपराध मे संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत शाहजहाँपुर पुलिस द्वारा विगत 24 घण्टे मे अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही कर 31 अपराधियों को किया गिरफ्तार जिसका विवरण निम्नलिखित है । मादक पदार्थ सहित तस्कर गिरफ्तार, 02 किलोग्राम गांजा बरामद । जुआ/सट्टा खेलते 02 अभियुक्त गिरफ्तार, 940/- रु0 नगद व सट्टा सामग्री बरामद । अवैध शस्त्र के साथ 06 अभियुक्त गिरफ्तार, 06 अवैध चाकू बरामद । अवैध कच्ची शराब के साथ 18 अभियुक्त गिरफ्तार, 32 पव्वे अवैध मार्का सोल्जरशराब सहित 160 ली0 अवैध कच्ची शराब एंव 03 अदद भट्टी बरामद व करीब 1160 ली0 लहन नष्ट किया गया । जनपद मे गिरफ्तार 151 Crpc/वांछित/NBW में 04 अभियुक्त गिरफ्तार ।

# एम्बुलेंस मे ईएमटी, आशा बहू ने कराया प्रसव

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती -इकौना क्षेत्र के कोड़री दीगर सेमगढा गाँव निवासी कांति देवी को एम्बुलेंस गाड़ी (.P.xw.BG.8872 )मे अस्पताल जा रही गर्भवती को रास्ते में प्रसव पीड़ा होने पर स्टाफ ने प्रसव कराया। इकौना क्षेत्र के कोड़री दीगर सेमगढा गाँव निवासी महिला ने बेटे को जन्म दिया। दोनों सुरक्षित बताए गए हैं। इकौना क्षेत्र के कोड़री दीगर सेमगढा गांव निवासी ने स्वास्थ्य विभाग के एंबुलेंस हेल्पलाइन 108 नंबर पर पारस नाथ ने अपनी पत्नी कांति देवी के प्रसव पीड़ा होने की सूचना दी।



एंबुलेंस के साथ पहुंचे ईएमटी राजकुमार श्रीवास्तव,एम्बुलेंस चालक धर्मराज ने गर्भवती महिला को इकौना के समुदाय स्वास्थ केंद्र अस्पताल ले जाने लगे। रास्ते में गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा तेज होने पर स्टाफ ने एंबुलेंस रोक दी, आशाबहू की मैजूदगी मे ईएमटी नें एंबुलेंस में सुरक्षित प्रसव कराया गया ।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com